॥ जिस दिन गुरुजी तेरा दर्शन होगा ॥

जिस दिन गुरुजी तेरा दर्शन होगा । उस दिन सफल मेरा जीवन होगा ॥
तन मन मेरा तेरे अर्पण होगा । जिस दिन गुरुजी तेरा दर्शन होगा ॥
होगा .. होगा .. दर्शन होगा ...

मेरे मन के मन्दिर में मै तुझ को बिठाऊँगा ।
भाव भरे उपहार मे चरणो में चढाऊँगा ॥
असुवन की धारा से अर्चन होगा । उस दिन सफल मेरा जीवन होगा ॥
होगा .. होगा .. दर्शन होगा ...

तेरा मेरा रिस्ता गुरुजी बहुत पुराना है ।
मुझ को गुरुजी मेरे कभी ना भूलाना ॥
ध्यान तेरा जब निस दिन होगा । उस दिन सफल मेरा जिवन होगा ॥
होगा .. होगा .. दर्शन होगा ...

जैसे भी कहोगे मुझ को वैसा ही मंजूर है ।
दृष्टि दया की मेरे पर भरपूर है ॥
तेरी कृपा से मन दर्पण होगा । उस दिन सफल मेरा जिवन होगा ॥
होगा .. होगा .. दर्शन होगा ...

जिस दिन गुरुजी तेरा दर्शन होगा ।
उस दिन सफल मेरा जीवन होगा ॥